SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये General Knowledge की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज SSC MTS और Exam के लिए के General Knowledge के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for General Knowledge

26/07/2019

Indian Geography

21. भारत की तट रेखा है—

(a) 5500 किमी. (b) 6500 किमी.

(c) 7500 किमी. (d) 8400 किमी.

S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2007

उत्तर—(c)

भारत की कुल तट रेखा 7516.6 किमी. लंबी है। अतः विकल्प (c) निकटतम सही उत्तर है।

22. लक्षद्वीप द्वीपसमूह कहां स्थित है?

(a) इनमें से कोई नहीं (b) बंगाल की खाड़ी

(c) अरब सागर (d) हिंद महासागर

S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2015

उत्तर—(c)

लक्षद्वीप, भारत के दक्षिण-पश्चिम में हिंद महासागर के एक भाग अरब सागर में स्थित एक भारतीय द्वीपसमूह है। इस द्वीपसमूह में 36 द्वीप हैं। इसकी राजधानी कवरत्ती है। समस्त केंद्र शासित प्रदेशों में लक्षद्वीप सबसे छोटा है।

23. लक्षद्वीप में कितने द्वीपसमूह हैं?

(a) 17 (b) 27

(c) 36 (d) 47

S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2014

उत्तर—(c)

24. अंडमान द्वीपसमूह और निकोबार द्वीपसमूह निम्नलिखित में से किसके द्वारा एक-दूसरे से अलग किए गए हैं?

(a) टेन डिग्री चैनल (b) ग्रेट चैनल

(c) बंगाल की खाड़ी (d) अंडमान सागर

S.S.C. स्नातक स्तरीय परीक्षा, 2008

S.S.C. स्टेनोग्राफर (ग्रेड 'सी' एवं 'डी') परीक्षा, 2012

उत्तर—(a)

अंडमान द्वीपसमूह और निकोबार द्वीपसमूह टेन डिग्री (10°) द्वारा एक -दूसरे से अलग किए गए हैं जो लिटिल अंडमान व निकोबार द्वीपों के मध्य है।

25. अंडमान-निकोबार द्वीप में 'गद्दीदार चोटी' (सैडिल पीक) कहां स्थित है?

(a) ग्रेट निकोबार (b) मध्य अंडमान

(c) लिटिल अंडमान (d) उत्तरी अंडमान

S.S.C.मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013

उत्तर—(d)

अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के उत्तरी अंडमान में स्थित 'सैडिल पीक' यहां की सर्वोच्च चोटी है।

26. पश्चिम बंगाल की सीमाएं कितने देशों के साथ लगती हैं?

(a) एक (b) दो

(c) तीन (d) चार

S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2006

उत्तर—(c)

पश्चिम बंगाल की सीमाएं बांग्लादेश, नेपाल और भूटान के साथ मिलती हैं।

27. आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के तटीय भू-भाग को कहते हैं–

(a) कोंकण (b) कोरोमंडल

(c) पूर्व तट (d) मालाबार तट

S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2008

उत्तर–(b)

आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के तटीय भू-भाग को कोरोमंडल तट कहते हैं जबकि पश्चिम में केरल के तट को मालाबार तट कहते हैं।

28. केरल के तट को कहते हैं–

(a) कोंकण तट (b) मालाबार तट

(c) कोरोमंडल तट (d) केनारा तट

S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2009

उत्तर–(b)

29. कोंकण तट कहां से कहां तक विस्तृत है?

(a) गोवा से कोच्ची (b) गोवा से दीव

(c) दमन से गोवा (d) गोवा से मुंबई

S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 4 मार्च, 2018 (I-पाली)

उत्तर—(c)

कोंकण तट भारत के पश्चिमी तट का पर्वतीय अनुभाग है। कोंकण में महाराष्ट्र और गोवा के तटीय जिले आते हैं। कोंकण तट की सीमा दमन से गोवा तक विस्तृत है।

30. भारत की सबसे लंबी सुरंग, जवाहर टनल किस राज्य में स्थित है?

(a) जम्मू और कश्मीर (b) महाराष्ट्र

(c) कर्नाटक (d) हिमाचल प्रदेश

S.S.C.Section Off. परीक्षा, 2007

उत्तर—(a)

भारत की सड़क मार्ग की तत्कालीन सबसे लंबी सुरंग, जवाहर सुरंग थी जो जम्मू और कश्मीर राज्य के बनिहाल दर्रे में स्थित है। बनिहाल दर्रे से होकर ही जम्मू-श्रीनगर मार्ग गुजरता है। वर्तमान में चेनानी - नाशरी सुरंग भारत की सबसे लंबी सड़क सुरंग है।

31. मिलान कीजिए—

पत्तन	राज्य
(A) भटकल	**1. केरल**
(B) ऐलेप्पी	**2. तमिलनाडु**
(C) काकीनाडा	**3. कर्नाटक**
(D) तूतीकोरिन	**4. आंध्र प्रदेश**

	A	B	C	D
(a)	1	3	4	2
(b)	4	3	2	1
(c)	3	1	4	2
(d)	2	4	1	3

S.S.C. C.P.O. परीक्षा, 2009

उत्तर—(c)

पत्तन तथा उससे संबंधित राज्य का संबंध निम्नानुसार है—

पत्तन	राज्य
भटकल	कर्नाटक
ऐलेप्पी	केरल
काकीनाडा	आंध्र प्रदेश
तूतीकोरिन	तमिलनाडु

32. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य 'सेवन सिस्टर्स' का सदस्य है?

(a) पश्चिम बंगाल (b) त्रिपुरा

(c) उड़ीसा (d) बिहार

S.S.C. Tax Asst. परीक्षा, 2008

उत्तर—(b)

पूर्वोत्तर भारत के सात प्रमुख राज्यों को 'सेवन सिस्टर्स' भी कहा जाता है। इन राज्यों के नाम हैं– अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, मेघालय और असम।

33. निम्नलिखित भारतीय राज्यों में से किस राज्य की कोई समुद्री सीमा नहीं है?

(a) गुजरात (b) गोवा

(c) राजस्थान (d) महाराष्ट्र

S.S.C. (डाटा एंट्री ऑपरेटर) परीक्षा, 2008

उत्तर—(c)

गुजरात, गोवा और महाराष्ट्र राज्यों की सीमा समुद्र से मिलती है, जबकि राजस्थान की सीमा समुद्र से नहीं मिलती है।

34. निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य की समुद्रतटीय सीमा सबसे छोटी है?

(a) गोवा (b) केरल

(c) ओडिशा (d) पश्चिम बंगाल

S.S.C. ऑनलाइन CHSL (T-I) 6 मार्च, 2018 (I-पाली)

उत्तर—(a)

भारत तीन ओर से समुद्र से घिरा हुआ है तथा इसकी तट रेखा 7516.6 किमी. लंबी है। भारत की तट रेखा पूर्व में बंगाल की खाड़ी, दक्षिण में हिंद महासागर और पश्चिम में अरब सागर सहित मुख्य भूमि और द्वीपों से घिरी है। इसकी तट रेखा पर नौ राज्य अवस्थित हैं। गोवा राज्य की समुद्रतटीय सीमा सबसे छोटी (101 किमी.) है, जबकि गुजरात राज्य की समुद्रतटीय सीमा सबसे लंबी (1214.70 किमी.) है।

35. 'स्मार्ट सिटी' कहां स्थापित की जा रही है?

(a) कोचीन (b) बंगलुरू

(c) हैदराबाद (d) चेन्नई

S.S.C. मैट्रिक स्तरीय परीक्षा, 2006

उत्तर—(a)

स्मार्ट सिटी केरल के कोच्चि (कोचीन) में स्थापित की गई है। स्मार्ट सिटी इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी बिजनेस पार्क है। स्मार्ट सिटी में केरल सरकार की भागीदारी 16 प्रतिशत तथा दुबई की टेकॉम इन्वेस्टमेंट और समा की भागीदारी 84 प्रतिशत है। इस प्रकार अभीष्ट विकल्प (a) सही है।

36. सबरीमाला निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

(a) आंध्र प्रदेश (b) तमिलनाडु

(c) केरल (d) कर्नाटक

S.S.C. मल्टी टॉस्किंग परीक्षा, 2013

उत्तर—(c)

सबरीमाला केरल के पथनामथिट्टा जिले में अवस्थित है। सबरीमाला अयप्पा देव के मंदिर के लिए प्रसिद्ध है।

37. दीव एक द्वीप है—

(a) दमन से हट कर (b) गोवा से हट कर

(c) गुजरात से हट कर (d) महाराष्ट्र से हट कर

S.S.C. संयुक्त स्नातक स्तरीय (Tier-I) परीक्षा, 2011

उत्तर—(c)

दमन एवं दीव केंद्र शासित प्रदेश का एक भाग दीव, जो कि एक द्वीप है, गुजरात तट से कुछ दूरी पर अरब सागर में अवस्थित है।

38. गुजरात तट से दूर जिस विवादास्पद तटीय पट्टी पर भारत और पाकिस्तान बातचीत कर रहे हैं, उसका नाम है—

(a) गल्फ़ ऑफ़ कैंबे (b) सर क्रीक

(c) गल्फ़ ऑफ़ खंभात (d) माउथ ऑफ़ इंडस

S.S.C.Tax Asst. परीक्षा, 2006

उत्तर—(b)

'सर क्रीक' गुजरात के साथ लगी भारत-पाक सीमा पर अवस्थित है। इस स्थल को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद है।

39. भारत का कौन-सा संघ शासित प्रदेश ऐसा है, जिसमें चार जिले हैं, किंतु उसके किसी भी जिले की सीमा, उसके किसी अन्य जिले की सीमा से नहीं मिलती?

(a) चंडीगढ़

(b) पुडुचेरी

(c) दादरा तथा नागर हवेली

(d) अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह

S.S.C.संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2013

उत्तर—(b)

पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश की सीमा इसके माहे जिले के द्वारा केरल से, पुडुचेरी एवं कराईकल जिले द्वारा तमिलनाडु से एवं यनम जिले के द्वारा आंध्र प्रदेश से लगी हुई है। अतः इसके किसी भी जिले की सीमा उसके किसी अन्य जिले की सीमा से नहीं मिलती।

40. संघ राज्य क्षेत्र पुडुचेरी की सीमा किसके साथ नहीं लगती?

(a) कर्नाटक (b) तमिलनाडु

(c) आंध्र प्रदेश (d) केरल

S.S.C. संयुक्त हायर सेकण्डरी (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2012, 2013

उत्तर—(a)